Cug No. 9473942683
eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)—चन्दौली।

पत्रांक 4099 / पेय०शिका० / 15। दिनांक 18.06.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विषय:—** **दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "डोडॉपुर में जल जीवन मिशन का नल खराबः महीनों से बह रहा पीने का पानी, अधिकारी नहीं करवा रहे मरम्मत" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "दैनिक भास्कर" में दिनांक— 18.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "डोडॉपुर में जल जीवन मिशन का नल खराबः महीनों से बह रहा पीने का पानी, अधिकारी नहीं करवा रहे मरम्मत" के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक— उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

| समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं दिनांक– 18.06.2026 | डोर्डोपुर में जल जीवन मिशन का नल खराब: महीनों से बह रहा पीने का पानी, अधिकारी नहीं करवा रहे मरम्मत | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड चकिया में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स जी०ए० इन्फ्रा–बाबा (जे०वी०) द्वारा दूबेपुर–रघुनाथपुर पेयजल योजना का अनुरक्षण एवं संचालन कराया जा रहा है। सन्दर्भित समाचार पत्र में चकिया–अहिरौरा मुख्य मार्ग पर डोर्डोपुर जाने वाले रास्ते पर स्थित एक मंदिर के पास स्टैण्ड पोस्ट है। जिसकी टोटी खराब हो गयी की शिकायत प्राप्त हुयी है। तदक्रम को संज्ञान में लेते हुये उक्त टोटी को बदल कर वर्तमान में शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। | – |

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner

# डोडॉपुर में जल जीवन मिशन का नल खराब: महीनों से बह रहा पीने का पानी, अधिकारी नहीं करवा रहे मरम्मत

तरुणकांत त्रिपाठी |
चकिया (चंदौली), चंदौली
23 घंटे पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

Download App from
GET IT ON Google Play

चकिया विकासखंड के दुबेपुर ग्राम सभा के डोडॉपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत लगा एक नल महीनों से खराब पड़ा है। चकिया-अहरौरा मुख्य मार्ग पर डोडॉपुर गांव जाने वाले रास्ते पर स्थित एक मंदिर के पास यह नल लगा है। इसकी टोटी खराब होने के कारण रोजाना हजारों लीटर पीने का साफ पानी बर्बाद होकर नालियों में बह रहा है।नल के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। इस स्थिति से आसपास के ग्रामीणों में गहरा रोष है। यह घटना ग्राम प्रधान और ब्लॉक के अधिकारियों की उदासीनता का स्पष्ट प्रमाण है, जहां केवल एक टोटी के अभाव में बहुमूल्य पानी व्यर्थ जा रहा है।चंदौली जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है और घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में चकिया विकासखंड के डोडॉपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की इस बर्बादी पर सवाल उठ रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया है। उनकी उदासीनता के कारण सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल और जल' योजना डोडॉपुर गांव में विफल साबित हो रही है।एक ओर चंदौली जिले में जल संरक्षण के बड़े-बड़े उपाय किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस तरह की लापरवाही सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है और लोगों के आक्रोश का कारण बन रही है।

विज्ञापन

आज का राशिफल मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई मामला चल रहा है, तो आज आपसी बातचीत से उसका हल निकलने की संभावना है। कामकाजी महिलाएं घर-परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियां अच्छी तरह

और पढ़ें

Scanned with OKEN Scanner